डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www.awajdarpan.com पर पढ़ें

# साप्ताहिक आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक १७ रविवार १४ अप्रैल से २० अप्रैल २०२४ मूल्य तीन–रुपये

## मतदान की तैयारियां तेज, डीएम ने किया निरीक्षण




**संवाददाता–बस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने नवीन मण्डी का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें उन्होने बने मतगणना एवं स्ट्रांगरूम स्थल के व्यवस्थाओं को देखा और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि परिसर में मिट्टी से नयी पटान की गयी है। इस संबंध में उन्होने रोलर से समतलीकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

इसके पश्चात् जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किसान डिग्री कालेज में बने कार्मिको के ट्रेनिंग सेण्टर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने हाल/कमरों के फर्श पर समुचित साफ–सफाई ना पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि प्रत्येक कमरों के फर्श की धुलाई करायें। निरीक्षण में उन्होने यह भी पाया कि कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी उपयोग की गयी वस्तुओ का मलबा अनावश्यक रूप से पड़ा है। इस संबंध में उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल उसे हटवाये, जिससे पूरा परिसर स्वच्छ हो सके।


उन्होने गौरव गलियारा के समीप बने बड़े हाल में भी रंगाई–पुताई का कार्य कराये जाने का निर्देश किसान डिग्री कालेज के प्रधानाचार्या को दिया, जिससे निर्वाचन के दौरान आवश्यकतानुसार हाल का उपयोग किया जा सके। उन्होने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि परिसर के आस–पास साफ–सफाई निरन्तर बनी रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ/कार्मिक प्रभारी जयदेव सीएस, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, उप जिलाधिकारी/ एआरओ हर्रैया विनोद पाण्डेय, उप जिलाधिकारी/एआरओ बस्ती शत्रुध्न पाठक, उप जिलाधिकारी मनोज प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी केशवलाल, एआरटीओ पंकज कुमार, मण्डी सचिव महेन्द्र गुप्ता, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस विनय सिंह चौहान, बीएसए अनूप तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ईवीएम व वीवीपैट पर जीपीएस से होगी निगरानी



**संवाददाता–बस्ती।** अबकी बार चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम व वीवीपैट पर जीपीएस से नजर रखी जाएगी। जिन वाहनों में इन मशीनों को रखा जाएगा, उनमें जीपीएस लगाया जाएगा। ईवीएम के उपयोग संबंधी जितने भी कार्य होंगे, उनमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। इतना ही नहीं ईवीएम को मतदान केंद्रों में भेजने से पहले भी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन्हें सील किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में छठे चरण में 25 मई को लोकसभा सीट पर चुनाव होगा। मतदान की तैयारी अभी से चल रही है। चुनाव के लिए तकरीबन 2151 ईवीएम और इतने ही वीवीपैट मशीनों की जरुरत रहेगी। इसके अलावा दस फीसदी अतिरिक्त मशीनें रिजर्व में रहेंगी। मतदान के वक्त वीवीपैट मशीन पर मतदाता यह देख सकता है कि जो वोट उसने डाला है, वह किसे मिला है। अक्सर चुनाव में हार के बाद प्रत्याशी ईवीएम मशीनों पर सवाल उठाते हैं। इसे देखते हुए चुनाव आयोग ने ईवीएम के इस्तेमाल में पूरी पारदर्शिता बरतने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसी के तहत चुनाव में लगे 150 वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा रहेगा। इसकी ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जीपीएस लगे वाहन अथवा मोबाइल एप आधारित जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट की आवाजाही की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। एडीईओ सुभाष सिंह ने बताया कि वेब पोर्टल अथवा मोबाइल एप के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ईवीएम नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। यहीं से ईवीएम वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जाएगी और इसकी रिकॉर्डिंग भी होगी। यह भी पता चल सकेगा कि वाहन किस रास्ते से कहां तक गए हैं।

## दारोगा को पीटने वाले मुख्य आरोपी का नाम एफआईआर से बाहर, अखिलेश यादव ने सीएम योगी को घेरा



**वाराणसी (आभा)।** काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित शहर के सबसे व्यस्त चौराहे गोदौलिया पर दारोगा को पीटने वालों की पांच दिन बाद भी गिरफ्तारी तो दूर की बात मुख्य आरोपी का नाम ही एफआईआर से बाहर कर दिया गया है। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीधे सीएम योगी को घेरा है। यहां तक आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आवास से फोन आने पर योगी के खासमखास का नाम एफआईआर से हटा दिया गया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि जिसकी शादी में मुख्यमंत्री जी प्रोटोकॉल तोड़कर गये हों, उसकी ही इतनी हिम्मत होगी कि वो किसी पुलिसवाले को सरेआम मारे। जबकि सब कुछ जनता के सामने बीच–बाजार हुआ फिर भी भाजपाई दबंगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद पूरे पुलिस विभाग का मनोबल गिरा है और अंदर–ही–अंदर आक्रोश पनप रहा है।

अखिलेश ने आगे लिखा कि भाजपाइयों द्वारा किये गये अपराधों के खिलाफ यूपी की भाजपा सरकार जीरो कार्रवाई करती है। जो सरकार पुलिस का मनोबल तोड़ती है वो कहीं–न–कहीं अपराधियों के हौसले बुलंद करती है। भाजपा ये नहीं कह सकती है कि विपक्ष झूठे आरोप लगा रहा है क्योंकि ये तो दिनदहाड़े घटी घटना है, जिसके सैकड़ों गवाह हैं। जो सरकार अपनी पुलिस के मान–सम्मान की रक्षा नहीं कर सकती, वो भला गरीब, किसान, महिला व विरोध कर रहे बेरोजगार युवाओं की हिफाजत क्या करेगी।

अखिलेश यादव ने सपा के उस पोस्ट को रिपोस्ट भी किया है, जिसमें सीएम योगी वाराणसी में आयोजित हिन्दु युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रमुख अंबरीष सिंह भोला की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। अंबरीश सिंह भोला की शादी की फोटो के साथ लिखा है कि योगी जी कहते हैं कि उनके राज में जो कानून के साथ खिलवाड़ करेगा वो मिट्टी में मिला दिया जाएगा। लेकिन योगी जी के खासमखास चेले अम्बरीष सिंह भोला के नेतृत्व में गठित हियुवा के उद्दंड, गुंडे, बदमाश लोगों की एक पूरी टीम है जो ना सिर्फ कानून को रौंद रही बल्कि कानून, पुलिस का कॉलर पकड़ रही और लात–जूते–घूंसे से कानून, पुलिस को मार रही और इन गुंडे बदमाशों को योगी जी का सीधा संरक्षण है। इसके कारण ये गुंडे बदमाश गिरफ्तार नहीं होते बल्कि थ्से से योगी जी के खासमखासों का नाम लखनऊ मुख्यमंत्री निवास के फोन के बाद हटा दिया गया है।

वाराणसी में घटना वाले दिन भी अखिलेश यादव ने वारदात का वीडियो पोस्ट कर लिखा था कि देश के प्रधान संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा दरेगा के साथ हिंसक व्यवहार भाजपाई अराजकता की पराकाष्ठा है। अब देखते हैं इन असामाजिक तत्वों के घरों पर बुलडोजर कब चलता है।

रविवार की शाम गोदौलिया चौराहे पर दशाश्वमेध थाने के देवनाथपुरा चौकी पर तैनात दरोगा आनंद ने हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार तीन लोगों को रोक कर कागज मांगा। बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगा था। दारोगा ने नम्बर प्लेट न होने का कारण पूछा। जवाब में युवकों ने खुद को हिन्दूवादी संगठन का पदाधिकारी बताते हुए धमकी दी। इस बीच उसके कई और साथी बाइक से वहां पहुंच गए और दारोगा से दुर्व्यवहार करने लगे। दारोगा की वर्दी पर लगे नेम प्लेट को नोच लिया। दारोगा को जमीन पर गिरा दिया गया। पुलिस जीप भी क्षतिग्रस्त कर दी। आसपास खड़े सिपाही केवल युवकों को समझाते रहे। किसी की हिम्मत नहीं हुई कि युवकों पर कोई कार्रवाई करते।

पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। कई लोग पूरे घटना का वीडियो भी बनाते रहे। कुछ देर में ही थाने से फोर्स भी पहुंची और युवकों को हिरासत में लिया गया लेकिन कुछ देर में छोड़ दिया गया। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो दारोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

लेकिन यहां भी खेल हो गया। दारोगा ने छह युवकों को नामजद किया लेकिन एफआईआर में केवल पांच को ही नामजद करके रिपोर्ट लिखी गई। वीडियो में दिख रहे मुख्य आरोपी अजय सिंह का नाम एफआईआर से निकाल दिया गया। अखिलेश यादव ने इसी अजय सिंह का नाम निकालने पर योगी को घेरा है। आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आने पर अजय सिंह का नाम निकाला गया।

यूपी कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। लिखा कि सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडों का आतंक! वाराणसी में सत्ता के नशे में चूर भाजपा द्वारा समर्थित दलों के नेताओं ने दरोगा की पिटाई कर दी। प्रदेश से बाहर करने की बजाय आदित्यनाथ सरकार गुंडों को पाल रही है! सत्ताधारी गुंडे रोजाना कानून की धज्जियां उड़ाते हैं!

सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।
मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।

– बालसोम गौतम

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

# ग्लोबल वार्मिंग के खतरे

यह जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य शृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये–नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला यूरोपीय व अमेरिकी देशों की जलवायु नीतियों को भी नया आकार प्रदान करने में सहायक होगा। यह फैसला जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हुए बताता है कि पर्यावरणीय संकट के कारण हाशिये पर आने वाले समुदायों को तत्काल संरक्षण प्रदान करने की जरूरत है। पर्यावरण के स्तर पर उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियां समाज में हाशिये पर रहने वाले समाजों को असंगत रूप से प्रभावित करती हैं। साथ ही सामाजिक असमानता को बढ़ाती हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों के सामने भोजन व पानी का संकट पैदा हो रहा है। इन उपेक्षित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। निश्चित रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन से जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में खासी मदद मिल सकती है। वैकल्पिक ऊर्जा का प्रयोग न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करता है बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिये स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता को भी बढ़ावा देता है। निश्चित रूप जलवायु परिवर्तन प्रभावों पर अदालत का फैसला एक आदर्श बदलाव का संकेत भी है।

# खिलौनों के क्षेत्र में भारत की दस्तक





–जयंतीलाल भंडारी–

हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014–15 से वित्त वर्ष 2022–23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निरूसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग नई ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी–बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतर्राष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे–ध ीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं।

अब वह समय बीत गया है कि जब पांच–छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो–तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच–छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है। लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगें लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है।

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार–बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन–प्लस–वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं।

सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गई हैं, जिनमें द इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014–15 के बाद से लगातार वर्ष 2024–25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है।

भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत सरकार की नीतिगत पहलों के साथ–साथ घरेलू निर्माताओं के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि देश का खिलौना उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन अभी भी देश के खिलौना सेक्टर को चमकीली ऊंचाई देने के लिए खिलौना क्षेत्र के तहत एक लम्बे समय से चल आ रही कई बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। भारतीय खिलौना उद्योग में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्ययोजना की जरूरत है। खिलौना उद्योग के विकास से संबंधित विभिन्न एजेंसियों के बीच उपयुक्त तालमेल बनाया जाना जरूरी है।

देश में चीन की तरह खिलौने के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) को आकार देने की जरूरत है। अभी खिलौनों पर जीएसटी की दर में कटौती की जानी चाहिए। जिससे खिलौनों की कीमत में और कमी आएगी। अधिकांश भारतीय खिलौने ई–कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, ताकि घरेलू खिलौनों की बिक्री को और बढ़ाया सके। यह भी जरूरी है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित की गई पारंपरिक और यांत्रिक खिलौनों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना शीघ्र शुरू की जाए। देश में सुगठित खिलौना प्रशिक्षण और डिजाइन संस्थान की स्थापना को मूर्तरूप देना होगा। इसके अलावा खिलौना उद्योग के लिए बैंकों से ऋण तथा वित्तीय सहायता संबंधी बाधाओं को दूर करना होगा। खिलौनों के अधिक निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा की कमाई की जा सकेगी। साथ ही खिलौना उद्योग में रोजगार के मौके देश के कोने–कोने में और तेजी से बढ़ेंगे।–लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# 'आप' को आशंका: दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा सकती है केन्द्र सरकार

**नई दिल्ली (आभा)।** अरविंद केजरीवाल और अन्य आम आदमी पार्टी नेता लगातार यह कह रहे हैं कि वे (अरविंद केजरीवाल) जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएंगे। संविधान में कहीं भी जेल से सरकार चलाने को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है और इस कारण अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने के लिए स्वतंत्र हैं। वहीं, भाजपा लगातार कह रही है कि जेल से सरकार चलाना संभव नहीं है। व्यावहारिक बाध्यताओं के साथ–साथ नैतिकता के आधार पर भी जेल से सरकार चलाना सही नहीं है और इस कारण अरविंद केजरीवाल को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले की जांच को लेकर 21 मार्च से जेल में बंद हैं। एक सनसनीखेज दावा करते




हुए अरविंद केजरीवाल सरकार की वरिष्ठ मंत्री आतिशी मार्लेना ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार को गिराकर राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने उपराज्यपाल के द्वारा गृह मंत्रालय को लिखे गए पत्र पर भी आपत्ति जताई। आतिशी ने कहा कि किसी राज्य में कोई सरकार रहे, या न रहे, इसका निर्णय सदन के पटल पर होता है। बीते 17 फरवरी को ही अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विधानसभा के पटल पर अपना बहुमत साबित किया था। ऐसे में एक पूर्ण बहुमत वाली सरकार को किसी भी तरीके से गिराना सही नहीं होगा।

आतिशी ने आगे कहा, अगर राजनीतिक साजिश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो यह गैरकानूनी होगा। हम दिल्ली के लोगों से भी कह रहे हैं कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।आतिशी ने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल जेल में रहें या जेल से बाहर रहें, वह दिल्ली के लोगों के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं को जो एक हजार रुपये देने का वादा किया है कि वह मिल कर रहेगा, महिलाएं घबराएं नहीं।

# चुनाव डियूटी में लगे कर्मचारियों को सुविधा देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता–बस्ती।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के एक प्रतिनिधि मण्डल ने शुक्रवार को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधार पाल के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले कर्मचारियों के समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।



सौंपे ज्ञापन में मण्डी समिति से मतदान टोली के प्रस्थान के समय कर्मचारियों के मोटर साईकिलों की सुरक्षा हेतु स्टैण्ड बनाये जाने, निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों को उनके मानदेय का भुगतान नकद कराये जाने, मतदान में महिला कर्मियों की भी डियूटी लगायी जा रही है ऐसी स्थिति में वाहन के रूप में ट्रकों के स्थान पर बस की व्यवस्था करने, मतदान के बाद मण्डी समिति में ई.वी.एम. जमा करने के बाद मतदान कर्मियों को जनपद, तहसील एवं ब्लाक मुख्यालयों पर भेजने हेतु वाहन की व्यवस्था कराये जाने, प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित, अनुपस्थित की सूचना बनाने वाले, ई.वी.एम. को लाने, ले जाने, एफ.एल.सी. कराने वाले, स्टेशनरी किट तैयार व वितरण कार्य में लगे कर्मचारियों, उड़दस्ता, आरक्षित कर्मियों आदि कार्य में लगे कर्मचारियों को मानदेय भुगतान कराये जाने, कैंसर, किडनी, किसी दुर्घटनाग्रस्त अस्थायी रूप से विकलांग कर्मचारियों, पांच माह से अधिक गर्भवती महिलाओं एवं सरकारी सेवा में पति पत्नी में से किसी एक को अवमुक्त रखे जाने, मतदान तिथि को पड़ने वाले वैवाहिक कार्यक्रम के लिये सम्बंधित कर्मचारियों को चुनाव डियूटी से मुक्त किये जाने, कर्मचारियों के मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने, सुरक्षा, चिकित्सा व्यवस्था दिलाने, ई.वी.एम. मशीन जमा कराने वाले एवं मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों को नाश्ता, लंच की व्यवस्था देने, मतदान के दिन मतदान स्थल पर टोली के भोजन की व्यवस्था हेतु कर्मियों के निजी व्यय पर परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों से भोजन बनाने का दिशा निर्देश दिये जाने, प्रशिक्षण एवं मतदान स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली उपलब्ध कराये जाने आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मण्डल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद, कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ महामंत्री फैजान अहमद, विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओम प्रकाश आदि शामिल रहे।

# मनरेगा के नाम पर बंदरबांट का खेल.!

**संवाददाता–बस्ती।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा मनरेगा योजना को लागू किया गया जिसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन यापन करने वाले लोगों को सौ दिन का रोजगार देने के लिए कानून भी बनाया गया लेकिन जमीन पर फैले भ्रष्टाचार की वजह से गांव के लोगों को मनरेगा योजना के जरिये रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है।



ताजा मामला जनपद के रुधौली विकासखंड के ग्राम पंचायत आमबारी की है जहां पर ग्राम पंचायत में पोखरा खुदाई के नाम पर 148 मजदूरों की हाजिरी भरी गई लेकिन जब संवाददाता ने मौके पर जाकर योजना द्वारा चल रहे कार्य की पड़ताल किया तो वहां पर एक भी मजदूर नही मिले । गांव के एक आदमी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस गांव के प्रधान विश्वनाथ हैं लेकिन सर्वेश नाम का व्यक्ति ग्राम पंचायत के बागडोर को अपने हाथ में लिया हुआ है और उसी व्यक्ति द्वारा सभी प्रकार के कार्यों को कराया जाता है। गांव के तालाब पर चल रहे कार्य के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि गांव के उत्तर तरफ स्थिति पोखरे पर कुछ दिन पहले करीब आधा दर्जन लोगों ने काम किया था लेकिन आज किसी प्रकार के कोई मजदूर पोखरे पर काम नही कर रहे हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत आमबारी में लगातर फर्जी मस्टोरल भरकर बिना मजदूरों के ही हाजिरी भरी जा रही है ताकि मनरेगा के धन का बंदरबांट किया जा सके। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इस तरह से फर्जी कारनामा करने वाले कार्यों को देखा जाएगा और उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन भरी गई सभी हाजिरियों को शून्य किया जाएगा

# ओम प्रकाश राजभर को मातृ शोक, निजी अस्पताल पर लगाया मेडिकल लूट का आरोप



**लखनऊ (आभा)।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मेडिकल लूट आरोप लगाया है। पंचायत राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आरोप लगाया है कि लखनऊ के एक निजी हास्पिटल ने उनकी मां के इलाज के लिए चार दिन में चार लाख रुपये लूट लिए और इलाज भी ठीक से नहीं किया। हालत बिगाड़ने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज के शताब्दी लखनऊ में भर्ती कराया जहां उनका निधन होगा। ओमप्रकाश राजभर ने इस प्रकरण की शिकायत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से की है।

ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मां की जब तबीयत बिगड़ी तव वे चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए हुए थे। उन्होंने कहा कि मेरा बेटे अरविंद और अरुण मां को एंबुलेंस से लेकर अस्पताल पहुंचे। राजभर ने कहा कि एंबुलेश में मां होश में बात करते हुए आई, लेकिन वहां बेहोश रही। चार दिन में कोई सुधार नहीं हुआ और अस्पताल प्रशासन के लोग जो हमारे जैसों को लूट रहे हैं तो गरीब को भी लूट रहे हैं।

दरअसल, ओमप्रकाश राजभर की मां का गुरुवार को निधन हो गया है। ओमप्रकाश राजभर की मां इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ओमप्रकाश राजभर की मां का नाम जितना देवी था। 85 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के मुताबिक राजभर की मां फेफड़ें की बीमारी से पीड़ित थी। आज उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की माता जी श्रीमति जितना देवी के निधन पर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

# दयाशंकर मिश्र बस्ती से बसपा प्रत्याशी घोषित



**लखनऊ (आभा)।** बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को नौ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी की चौथी सूची में दो मुस्लिम, जबकि तीन ब्राह्मणों को टिकट दिया गया है। वहीं, पार्टी ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से चुनाव लड़वाने का फैसला लिया है, जिनका मुकाबला भाजपा के दिनेश यादव निरहुआ और सपा के ध र्मेंद्र यादव से होगा।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम की ओर से जारी सूची के मुताबिक घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा एटा से मोहम्मद इरफान एडवोकेट, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम एडवोकेट को टिकट दिया गया है।

बता दें कि बसपा ने अब तक 45 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है जिसमें 11 मुस्लिम हैं। वहीं नौ ब्राहमण, तीन ओबीसी और एक दलित उम्मीदवार को टिकट दिया है।

# सपा को मिला आप का समर्थन



**लखनऊ (आभा)।** यूपी में समाजवादी पार्टी को आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। आप के कार्यकर्ता अब सपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उसके प्रत्याशियों को जिताने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। शुक्रवार को लखनऊ में सपा कार्यालय पहुंचे आप सांसद संजय सिंह ने अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसका ऐलान किया। संजय सिंह ने कहा कि जब हमारी पार्टी के मुखिया को जेल में डाला गया तो सपा ने हमारा साथ दिया। इस लड़ाई में सपा और अखिलेश जी के हम लोग आभारी हैं। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बचाने का चुनाव है। तानाशाह के खिलाफ लोगों को एकजुट करने की चुनाव है।

# शिक्षकों, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**संवाददाता–बस्ती।** हरैया विकासखण्ड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उभाई के बच्चों ने शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली के द्वारा बच्चों और शिक्षकों ने गांव के सभी पुरवे पर घर–घर जाकर अभिभावकों को सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराने और अनिवार्य रूप से प्रतिदिन स्कूल भेजने हेतु जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चे अपने हाथों में शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो। एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा। अनपढ़ होना है अभिशाप, अब न रहेंगे अंगूठा छाप। पापा सुन लो विनय हमारी, पढ़ने की है उम्र हमारी। पढ़ेंगे पढ़ाएंगे, उन्नत देश बनाएंगे। अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल आदि शिक्षा प्रेरक नारों से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। प्रधानाध्यापक विद्यासागर वर्मा और वरिष्ठ शिक्षक संकुल प्रमोद त्रिपाठी और अन्य शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को परिषदीय विद्यालय के शिक्षा के अच्छे माहौल और बच्चों को मिलने वाली निःशुल्क सरकारी सुविधाओं से परिचित कराकर अधिक से अधिक नामांकन का आह्वान किया गया।

जागरूकता रैली में देवेंद्र कुमार शुक्ल, शिक्षक संकुल रवीश कुमार मिश्र, साकेत मिश्र, मेराज अहमद, प्रदीप कुमार शुक्ल, विमलेंद्र, मधुलिका द्विवेदी, सरिता सहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे।

# जीव ईश्वर का अंश है लेकिन कुसंस्कारों के कारण माया में फंस गया है –जगद्गुरु राधेश्याम शास्त्री



**संवाददाता–अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव पर अयोध्या में हर्षोल्लास का वातावरण है और चारों तरफ श्री राम कथा गूंजायमान हो रही है, इसी क्रम में महान्त श्री नृत्यगोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में महान्त श्री कमल नयन दास जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम के सुप्रसिद्ध कथावाचक, जगद्गुरु श्री राधेश्याम शास्त्री जी महाराज के श्रीमुख से श्री मणिराम दास छावनी सेवा ट्रस्ट योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय श्री राम कथा सुन मंत्र मुक्त हो रहे हैं लोग, कथा के पंचम दिवस के बेला पर व्यास पीठ से श्री महाराज जी ने बताया कि वपुष ब्रह्मांड सुप्रवृत्ति लंका दुर्ग,रचित मन दनुज मय–रूप धारी हम सबके हृदय में एक–एक लंका बनी हुई है,और इसका निर्माण मन रुपी मय दानव ने इस हृदय रूपी लंका का निर्माण किया है। मय दानव ने त्रेता में रावण की लंका बनाई,और इसी ने द्वापर में युधिष्ठिर का महल बनाया।क्योंकि यह मन तो सतयुग,त्रेता,द्वापर,कलयुग सभी युगों में है।यानी मन के द्वारा धर्म एवं अधर्म दोनों बृत्तियाँ साकार होती हैं। मन एव मनुष्याणां कारणं बन्ध मोक्षयोःध्हमारा शरीर जड़ है और इसमें जो जीव तत्व है,उसके विषय में कहा गया कि, ईश्वर अंस जीव अविनासी।चेतन अमल सहज सुख रासी।यानी यह जीव ईश्वर का अंश है,और ईश्वर की चेतना,ईश्वर की निर्मलता और ईश्वर की सुखरूपता यह स्वाभाविक रूप से उसके अंश जीव में भी विद्यमान है।लेकिन अनेक जन्मों के कुसंस्कारों के कारण जीव स्वयं माया,मन के बंधनों में फँस गया है।जड़ चेतनहिं ग्रंथि पड़ि गयी। जदपि मृषा,छूटति कठिनयी।जीव'तत्व ही सबको चलाने वाला है अतः सारी इन्द्रियों को,सारे मन को,सारी बुद्धि को चौतन्य रखने वाला तो 'जीव'ही है।किन्तु उसने अपने आपको शरीर मान लिया है,उस उसका स्वरूप ही भूल गया है,इसी सत्य को गोस्वामी जी इस पद में उजाग्रित करते हैं।उनका भाव यह है कि सांसारिक सुखों की मृगतृष्णा में फँस कर ब्यक्ति काल कवलित हो जाता है।सो माया बस फिरत गोसाईं।बँधयो कीर, मरकट की नाईं।निराकार अब्यक्त परमात्मा ऐसी,माया के द्वारा इस संसार की श्रृष्टि करता है ,जिसके प्रभाव से बड़े बड़े संत,महात्मा से लेकर ब्रह्मा,शिव तक मोहित हो जाते है। अंत में श्री राम कथा के आयोजक नन्द किशोर सक्सेना ने आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया गया।

# दुर्लभ प्रजाति के रेड सैंड बोआ सांप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता–बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में रेड सैंड बोआ सांप के साथ वन कर्मियों ने दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। भ्रांति के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन दो मुंहा सांप की करोड़ों में कीमत होती है।

जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन कर्मियों ने रेड सैंड बोआ सांप के साथ बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बाइक की डिग्गी से तलाशी के दौरान एक रेड सैंड बोआ सांप बरामद किया है। बताया जाता है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन सांपों की कीमत करोड़ों रुपये है। धन वृद्धि की भ्रांति के चलते लोग इन्हें खरीद कर पालते हैं। बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के जंगलों के आसपास वन कर्मियों की टीम गश्त पर निकली थी। इस दौरान जंगल की तरफ से दो बाइक सवार आते दिखे।

जिस पर वन कर्मियों की टीम ने बाइक को रोक कर तलाशी ली, तो डिक्की में दुर्लभ रेड सैंड बोआ (दो मुंहा) सांप बरामद हुआ। पूछताछ करने पर ये लोग सही जवाब नहीं दे पाए। जिस पर दोनों को रेंज कार्यालय लाया गया। डीएफओ ने बताया कि सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है। पकड़े गए वन्य जीव तस्कर यासीन पुत्र रहमतुल्ला और फहीम खान लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली के गांव सिसैया के रहने वाले हैं। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इनके पास से बरामद बाइक और 270 रुपये नगदी को सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पैसे के लालच में लोग रेड सैंड बोआ (दो मुंहा) सांप की बिक्री करते हैं। भ्रांति के चलते लोग इन्हें खरीदते हैं।

## दो मतदान केन्द्र बदले गये

**संवाददाता–बस्ती।** विधानसभा क्षेत्र311– महादेवा (अ.जा.) के मतदेय स्थल संख्या–364 एवं 365 का मतदान केन्द्र अब प्राथमिक विद्यालय, परेवा कक्ष संख्या–1 व 2 में स्थापित किया जायेंगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने दिया है। उन्होने बताया कि मतदेय स्थल संख्या–364 एवं 365 के मतदान केन्द्र ग्राम सचिवालय, परेवा कक्ष संख्या–1 व 2 में पर्याप्त स्थान न होने के कारण उसके स्थान पर प्राथमिक विद्यालय, परेवा कक्ष संख्या–1 व 2 में स्थापित किये जाने हेतु संशोधन प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया था। उन्होने बताया कि उपरोक्त संशोधन प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

# श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अयोध्या में पारस डेरी ने खोला मिल्क बार



**संवाददाता–अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या सुपर मार्केट के रूप में डेवलप हो रही है प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रभु श्री राम लाल के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं और प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नए–नए प्रतिष्ठान खुल रहे हैं इसी क्रम में लता मंगेशकर चौक अयोध्या में पारस डेयरी ने पारस मिल्क शॉप की ओपनिंग सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महंत धर्म सम्राट ज्ञान दास महाराज के शिष्य संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास और वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने फीटा काटकर ओपनिंग की और कहां थी अयोध्या में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आ रह हैं उनकी सेवा के लिए जितने भी साधन अयोध्या में हो रहे हैं वह सब काम है मैं राज्यसभा सांसद सरेंद्रनागर और उसके भाई जो पारस डेयरी बिजनेस को संचालित कर रहे हैं गजेंद्र नागर को आशीर्वाद प्रदान करता हूं कि उन्होंने अयोध्या में पारस की सेवा का विस्तार किया है इससे श्रद्धालुओं को बहुत ही सुविधा मिलेगी।

पारस डेरी के बिजनेस हेड गोविंद प्रसाद पारस के जितने भी प्रोडक्ट हैं सब में नंबर एक ही क्वालिटी है और अयोध्या मे प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए इस शाप की ओपनिंग हुई है जिसमें प्रतिदिन अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा होती रहेगी। इस अवसर पर पारस डेयरी के रिजनल सेल्स मैनेजर नवनीत सिंह,पंकज सिंह एरिया सेल्स मैनेजर, मनीत मेहरोत्रा एरिया सेल्स मैनेजर,दीपेंद्र सिंह एरिया सेल्स मैनेजर प्रकाश अग्रवाल सुपर स्टॉकिस्ट, अवधेश वर्मा लता मंगेशकर चौक पारस मिल्क बार, कन्हैया अग्रवाल डिस्ट्रीब्यूटर अयोध्या, हरिहर यादव एजेंसी होल्डर सहित सैकड़ों उपस्थित रहे।

# ग्राम सुरक्षा समिति देश की सुरक्षा व्यवस्था का है अहम हिस्सा–डीएम

**संवाददाता–श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में सिरसिया के भरथा सधईपुरवा में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि चुनाव के दौरान बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बैठक में डीएम ने कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति या समुदाय का हो। उनके ऊपर सबसे पहले देश की जिम्मेदारी होती है। भारत–नेपाल देश के साथ खुली सीमा है, जहां से कोई भी आ जा सकता है। नेपाल के साथ हमारे देश के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध है। इसलिए बार्डर पर दोनों देशों के नागरिकों को किसी भी प्रकार की रोक–टोक नहीं है। समस्या तब होती जब संदिग्ध व्यक्ति सीमा में प्रवेश करता है। इसलिए ग्राम सुरक्षा समितियों का दायित्व है कि हर गतिविधि पर नजर रखें और हर सूचना को प्रशासन एवं पुलिस तक तत्काल पहुंचायें। एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा कि पुलिस विभाग ने सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों की सूचना देने की अपील की। एसएसबी कमाण्डेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी ने कहा कि शान्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में ग्राम वासियों की अहम भूमिका है। ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्य आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सजग रहें। कोई भी गतिविधि होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जिससे सभी प्रकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके। इस मौके पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, सहायक कमान्डेंट विश्व राजीव कुमार, उप कमांडेंट सोनू कुमार, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया रामबरन, निरीक्षक मान बहादुर गुरुंग, ग्राम प्रधान सदई पुरवा शफीक अहमद सहित एसएसबी के सुरक्षाकर्मी तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

## हर सप्ताह ऑनलाइन देनी होगी नामांकन की सूचना

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के परिषदीय स्कूलों में नामांकन की अब हर सप्ताह समीक्षा होगी। शिक्षकों को ऑनलाइन विवरण उपलब्ध कराना होगा। आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उनका नामांकन भी अभियान चलाकर कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार एक अप्रैल से छह अप्रैल के बीच नामांकन की सूचना नौ से 10 अप्रैल तक उपलब्ध कराना था। वहीं 08 से 13 अप्रैल तक नामांकित छात्र–छात्राओं की सूचना 14 से 16 अप्रैल तक उपलब्ध कराना होगा। 15 से 20 अप्रैल के बीच हुए नामांकन की सूचना 21 से 23 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। 22 से 30 अप्रैल तक की सूचना एक मई से तीन मई के बीच अपलोड करना होगा। इसके अलावा एक अप्रैल को छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का ही नामांकन कक्षा एक में कराया जाएगा। इससे कम उम्र के बच्चों का नामांकन बाल वाटिका में कराने का निर्देश दिया गया है। नामांकन के 15 दिन के भीतर आधार कार्ड बनवाने पर भी जोर है।

# पूर्व प्रधान ने वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में कर दिया आशा चयन का प्रस्ताव

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के सेमरियावां ब्लाक के एक ग्राम पंचायत के वर्तमान ग्राम प्रधान को ग्राम पंचायत के द्वारा किये गए प्रस्ताव को फर्जी सिद्ध कराने में एक वर्ष से अधिक का समय लग गया। बहरहाल जब इस बात की जानकारी सीएमओ को खंड विकास अधिकारी ने अपने पत्र के माध्यम से दी। बताया कि पूर्व प्रधान का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी वह नए ग्राम प्रधान के कार्यकाल का आशा चयन का प्रस्ताव कर उनकी तैनाती करा दी गई है। इस पत्र के आते ही सीएमओं ने संबंधित आशा के कार्यों पर रोक लगाने के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। सेमरियांवा ब्लाक के ग्राम पंचायत के अहिरौली प्रथम वर्तमान ग्राम प्रधान विनय सिंह ने पूर्व प्रधान मनीराम के द्वारा फर्जी तरीके से आशा पद पर रेखा पत्नी गनेश का चयन कर उसका प्रस्ताव बना कर कार्यालय में भेजने का आरोप लगाया था। यह शिकायती पत्र उन्होंने मार्च माह में 2021 में पूर्व सीएमओ व तत्कालीन खंड विकास अधिकारी को दिया था। जिसमें यह कहा गया था कि 12–12–2020 को यह प्रस्ताव बनाया गया है। इस शिकायती पत्र पर जब खंड विकास अधिकारी ने जांच कराया तो उसमें यह पाया गया कि पूर्व ग्राम प्रधान का कार्यकाल 25–12–2020 को ही समाप्त हो गया था। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी देवप्रताप ने अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत के कार्यवाही रजिस्टर में दिनांक 03.11.2020 से दिनांक–19.12. 2020 के मध्य कोई भी कार्यवाहि रजिस्टर में अंकित नहीं की गई है। जबकि प्रस्ताव 12–12–2020 को बनाया बताया गया था।

आशा बहु श्रीमती रेखा के चयन की कार्यवाही दिनांक–12–12–2020 में दिखाई गई है। ग्राम पंचायत सचिव के इस पत्र के आधार पर खंड विकास अधिकारी ने सीएमओ को पूर्व प्रधान के द्वारा आशा चयन को फर्जी बताया। इस पर सीएमओं डा. रामानुज कनौजिया ने समबंधित आशा के कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी सेमरियावां को दिये।

# अवैध ढंग से हड़पी गई साढ़े पांच करोड़ की जमीन सरकार के नाम दर्ज

**संवाददाता–बलरामपुर।** सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की 5.5 करोड़ की बेशकीमती जमीन, जिसे कूट रचित ढंग से अपने नाम कराकर कब्जा कर लिया गया था, तीन माह पूर्व शिकायत मिलने पर डीएम ने मामले की जांच गोंडा व बलरामपुर जनपद से कराई। शिकायत सही मिलने पर डीएम ने पुनरू अवैध ढंग से कब्जा की गई जमीन को नवीन पर्ती के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। डीएम के आदेश पर भूमि को सरकारी जमीन के नाम दर्ज करा दिया गया है।

मामला उतरौला तहसील के ग्राम सादुल्लाह नगर का है। यहां पर स्थित नवीन पर्ती की भूमि गाटा संख्या–1433 को सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी ने वर्ष 1987 व 1990 में जब उतरौला तहसील गोंडा जनपद में शामिल था। उस समय चकबंदी न्यायालय में कूट रचना के सहारे जमीन अपने नाम करा ली गई थी। तीन माह पूर्व गोपनीय शिकायत मिलने पर डीएम अरविंद सिंह ने इस प्रकरण की जांच जनपद गोंडा व बलरामपुर से कराई। जांच में पता चला कि पूर्व सपा विधायक हाशमी ने चकबंदी न्यायालय में कूट रचित दस्तावेज के सहारे फर्जी शपथ पत्र व साक्ष्य के आधार पर नवीन पर्ती की भूमि गाटा संख्या–1433 रकबा 1.83 एकड़ अपने स्कूल किसान विद्यालय, सादुल्लाह नगर के नाम दर्ज कराकर खतौनी में अंकित करा लिया। जांच में पता चला कि पूर्व विधायक ने 1.83 एकड़ नवीन पर्ती की भूमि कूटरचित तरीके से अपने नाम करा लिया है। इस पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए अवैध ढंग से हड़पी गई सरकारी जमीन को नवीन पर्ती के नाम दर्ज करने का आदेश बीते आठ अप्रैल को पारित किया था, जिसके क्रम में शुक्रवार को उक्त भूमि नवीन पर्ती के नाम दर्ज करा दी गई है।

इस कूट रचना में शामिल झूठे गवाहों एवं अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात डीएम ने कही है। डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि न्यायालय में शपथ पत्र पर कूट रचित दस्तावेज देना एवं न्यायालय को गुमराह कर अपने पक्ष में लाभ लेना समान प्रकार से अवमानना की श्रेणी में आता है। कहा कि अपने न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ जिन्होंने उपरोक्त मामले में झूठे साक्ष्य एवं गवाह बने हैं उनके ऊपर न्यायालय में शपथ पत्र पर गलत साक्ष्य देने का मुकदमा प्रचलित किया जाएगा। गोपनीय जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर डीएम ने भू–माफियायों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश एडीएम को दिए हैं। जिसके क्रम में उप संचालक चकबंदीध्अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के न्यायालय में इस प्रकरण पर परिवाद दाखिल किया गया है। न्यायिक प्रक्रिया एवं साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ है कि फर्जी तरीके से स्कूल बागवानी के नाम यह जमीन दर्ज कराई गई, जो कभी भी विद्यालय के नाम दर्ज नहीं थी।

फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेस कीमती जमीन को हथिया लिया गया है। डीएम ने सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि वे भूमि, वन व अन्य किसी भी प्रकार के माफिया को शरण न दें। राजस्व पुलिस व वन विभाग के अधिकारी न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करें। न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में लापरवाही मिलने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई तय की जाएगी। डीएम ने सभी माफियाओं को अल्टीमेटम दिया है कि अपनी कार्यशैली बदल दें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# एक से रेप में गया जेल, छूटने के बाद दूसरी से करेगा शादी

**संवाददाता–गोरखपुर।** शादी का झांसा देकर दो लड़कियों से प्रेम संबंध बनाना गोरखनाथ इलाके के एक युवक को काफी महंगा पड़ गया। एक से शादी पक्की हुई तो दूसरे के साथ दुष्कर्म के मामले में उसे अब जेल जाना पड़ा है। जेल से छूटने के बाद वह शादी करेगा। हालांकि इससे पहले दोनों लड़कियां शादी करना चाहती थीं और युवक भी दोनों से शादी करने को तैयार हो गया था, लेकिन कानून के अनुसार एक से ही शादी हो सकती थी लिहाजा युवक को यह खुद तय करने का मौका मिला कि वह किससे शादी करेगा और किसके साथ दुष्कर्म के मामले में जेल जाएगा। युवक के चुनाव करने के बाद दूसरी लड़की ने उसके खिलाफ दुष्कर्म और धमकी की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेजवा दिया। गोरखनाथ इलाके के लच्छीपुर निवासी सतीश ने शादी का झांसा देकर दो लड़कियों को अपने जाल में फंसा लिया था। आरोप है कि वह दोनों से संबंध बनाता था। दोनों लड़कियां जब शादी का दबाव बनाने लगी तब वह उनसे दूरी बनाने का प्रयास करने लगा। लड़कियों ने अपने घरवालों को इस बारे में जानकारी दी। उनके घरवाले भी शादी के लिए तैयार थे, इसके बाद भी सतीश के इनकार पर एक लड़की उसे पकड़कर थाने ले गई और पुलिस को बताया कि लड़के ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाया है और वह उससे शादी करना चाहती है।

पुलिस अभी कोई और फैसला लेती इस बीच दूसरी लड़की भी थाने पहुंच गई। उसने भी वही बात बताई, जो पहली लड़की कह रही थी। इस बीच खुद को पुलिस की कार्रवाई से बचाने के लिए सतीश ने दोनों लड़कियों से शादी की हामी भर दी। उधर, दोनों लड़कियां भी तैयार हो गईं लेकिन पुलिसवालों ने बताया कि कानून के मुताबिक ऐसा नहीं हो सकता।

सतीश किसी एक से ही शादी कर सकता है। हालांकि शर्त यह भी थी कि वह जिससे शादी नहीं करेगा, उसके पास लड़के के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए अर्जी देने का हक होगा। सतीश ने काफी सोच समझकर एक लड़की का चुनाव किया जिसके बाद दूसरी लड़की ने उसके ऊपर दुष्कर्म और धमकी की तहरीर दी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ यह भी तय हुआ कि जेल से छूटने के बाद वह दूसरी लड़की से शादी करेगा ऐसा नहीं करता है तो वह भी उसके खिलाफ केस दर्ज करा सकती है।

# सपा के घोषणा पत्र में 10 बड़े वादे

**लखनऊ (आभा)।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। सपा के विजन डॉक्यूमेंट में अधिकारों की बात की है। सामाजिक न्याय ,लोकतंत्र बचाने का,मीडिया की आजादी का अधिकार आदि है। 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों का कर्ज माफ किए जाएंगे। 2019 तक गरीबों का पूर्ण उन्मूलन किया जाएगा। निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों की यह मार्च एमएसपी देंगे। कानून गारंटी के रूप में किसानों को एसपी किसानों के लिए सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और मुफ्त शिक्षा दिया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि निःशुल्क शिक्षा का अधिकार है। उन्होंने जीडीपी तीन फीसदी से बढ़ाकर छह फीसदी करने का वादा किया। इसके साथ उन्होंने कर्मचारियों से पुरानी पेंशन स्कीम भी सभी विभागों में बहाल करने के लिए वादा किया। उन्होंने कहा कि सीमाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। भारत के कुछ हिस्से में सीमा सिकुड़ रही है। अग्निवीर सोची समझी रणनीति है। अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने तकहा कि अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे। उन्होंने कहा कि




गरीबों को घटिया राशन दिया जा रहा है। पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को अपनी पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट 'जनता का मांग पत्र' (घोषणा पत्र) जारी करते हुए केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने अग्निवीर योजना को समाप्त करने का वादा करते हुए आशंका जताई कि बीजेपी दोबारा सत्त्ता में आई तो पुलिस और पीएसी में भी तीन साल की नौकरी कर देगी। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। अखिलेश ने बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। कहा कि इधर देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ी है। गांवों में 90 प्रतिशत नौजवानों के पास न रोजगार है न नौकरी है। देश बहुत बड़ा है। संसाधन की कोई कमी नहीं है। इसके बावजूद इतने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है।

## पेड़ी प्रबंधन अपनाकर बढ़ाएं गन्ने की पैदावार -संजीव शर्मा

**संवाददाता–बलरामपुर।** बजाज चीनी उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम सहियापुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा ने किसानों को बताया कि पेड़ी प्रबंधन करना बहुत ही आवश्यक है। पेड़ी प्रबंधन अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पेड़ी प्रबंधन में गन्ना कटते ही तत्काल सिंचाई, खाद व गुड़ाई अवश्य करें। इससे फसल अच्छी होगी। साथ ही फसल सुरक्षा के दृष्टिकोण से कीटों की रोकथाम के लिए 150 मिली. कोराजन को एक एकड़ खेत के लिए 400 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास मोटे फव्वारे से ड्रेंचिंग करें। जिससे प्रति हेक्टेयर गन्ने का उत्पादन बढ़ेगा। बसंत कालीन गन्ना बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें। उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों का अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्रजाति को0–0118,15023 कोलख–14201का दो आंख के टुकड़े कर गन्ना बीज उपचार एवं भूमि उपचार कर ट्रेंच विधि से बुवाई करें। इस मौके पर चीनी मिल अधिकारी योगेश त्रिपाठी, विजय पाण्डेय, अरविंद सिंह, रामायन पाण्डेय, कृषक गनपत यादव, रामसागर, सालिकराम, रामसेवक, रजीउद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर से बसपा के उम्मीदवार घोषित हुए जावेद सिमनानी



**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर से बसपा के उम्मीदवार जावेद सिमनानी होंगे। उनके नाम की घोषणा बसपा सुप्रीमो मायावती ने कर दी है। छात्र जीवन से राजनीति में आने जावेद सिमनानी वार्ड नंबर 68 मुफ्तीपुर से सपा के जियाउल इस्लाम के खिलाफ पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। इस चुनाव में वे हार गए थे। लेकिन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रत्याशी बनाया गया है। जावेद ने बहन मायावती का आभार जताया है। मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली इलाके नखास चौक के पास रहने वाले हाजी नियाज अहमन खान के बेटे जावेद सिमनानी का पूरा परिवार बसपा से जुड़ा है। ग्रेजुएट जावेद छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं। बताया जाता है कि वह परिवार सहित दो दशक से अधिक समय से बसपा से जुड़कर राजनीति कर रहे हैं। जावेद के बड़े भाई शोएब सिमनानी भी बसपा में हैं। जावेद बसपा में जुड़ने के बाद पहले बूथ अध्यक्ष बने। इसके बाद उनको सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, जोन कोऑर्डिनेटर, जिला महासचिव, जिला सचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष और गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा के प्रभारी के पद पर काम कर चुके हैं। जावेद चार भाइयों में तीसरे नंबर के हैं। उनके परिवार में माता–पिता के अलावा पत्नी यासमीन और तीन बेटियां शबाना, हबीबा, अदीबा और बेटा हबीदुर्रहमान हैं। उनके टिकट की घोषणा होने के बाद से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। जावेद को बधाई देने वालों का तांता लग गया।

बसपा सुप्रीमों की ओर से कुल 45 नामों की घोषणा की जा चुकी है। शुक्रवार को जारी चौथी सूची में गोरखपुर और बस्ती मंडल सहित कुल नौ लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इनमें गोरखपुर से जावेद सिमनानी, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्टगंज से धनेश्वर गौतम प्रत्याशी बनाए गए हैं।

# पतंजलि की माफी स्वीकार नहीं, कड़ी फटकार





**नई दिल्ली (आभा)।** भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि उन्होंने (रामदेव, बालकृष्ण) ने माफीनामा तब भेजा है जब "उनकी गलती पकड़ ली गई है।" न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, "हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते।" बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई अहम और बड़ी बातें कहीं। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने मामले में केंद्र की प्रतिक्रिया पर भी असंतोष व्यक्त किया। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने कंपनी के संस्थापकों के साथ 'हाथ मिलाने' के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों को भी फटकार लगाई। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा, "हम यह जानकर चकित हैं कि फाइलों को आगे बढ़ाने के अलावा राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कुछ नहीं किया और वह चार–पांच साल से इस मुद्दे को लेकर गहरी नींद में था। आप पोस्ट ऑफिस की तरह काम कर रहे हैं।" कोर्ट ने कहा, 'आप लोगों की जिंदगियों से जुड़े काम कर रहे हैं लेकिन आप लोगों के जीवन से खेल भी रहे हैं।'

# पुलिस ने 6 बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर



**संवाददाता–गोरखपुर।** बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए गोरखपुर पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस ने एक बार फिर 6 बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इनमें दो बदमाश गैंग बनाकर लोगों से धोखाधड़ी करते थे। जबकि, 4 बदमाश गैंग बनाकर चोरी, लूट जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देते थे।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर कैंट पुलिस ने इन बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई पूरी कर अनुमोदन के लिए डीएम को भेजी थी। डीएम की स्वीकृति मिलते ही सभी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, गैंग लीडर अक्षय कुमार मिश्रा निवासी रामपुर मलौली खजनी, और गैंग का सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव निवासी छपरा खुर्द थाना एकौना, देवरिया का एक गैंग है। यह गैंग पब्लिक से पहले अनुबंध पर जमीन लेता है और फिर आम लोगों को बहला–फुसलाकर जमीन का लालच देकर पैसा हड़प लेने जैसे अपराध करता है।

इस गैंग के लोगों का आम पब्लिक में भय और आतंक है। जिसके वजह से अब इनपर अंकुश लगाने पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दोनों पर पहले से कैंट थाना में 7–7 केस दर्ज हैं।

वहीं, दूसरा गैंग में गैंग लीडर करन डोम उर्फ करन हरिजन निवासी लाल डिग्गी राजघाट अपने साथी रोहित उर्फ चकवा उर्फ राजा है। इस गैंग में शनि उर्फ पकवा उर्फ अर्जुन निवासी मिलेनियम सिटी करीम नगर चिलुआताल और महावीर कुमार पटेल निवासी भरटोला वार्ड नंबर 6 रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया इस गैंग के सदस्य हैं।

इस गैंग के लोग एक संगठित गिरोह बनाकर चोरी और लूट जैसे अपराध को अंजाम देते थे। सभी के खिलाफ डीएम से अनुमोदन लेकर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। गैंग लीडर करन डोम पर पहले से 12, रोहित उर्फ चकवा उर्फ राजा पर 10, शनि उर्फ पकवा उर्फ अर्जुन पर 9 और महावीर कुमार पटेल पर 3 केस दर्ज हैं।

# बकाया भुगतान की मांग को लेकर बस्ती चीनी मिल कर्मियों ने सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव को सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता–बस्ती।** बस्ती चीनी मिल के मशीनों को काटकर बेचे जाने और मिल के 160 कर्मचारियों को बकाया न देने का मामला गरमाता जा रहा है। बुधवार को सुगर मिल के कर्मचारियों संजय कुमार सिंह, साधू सिंह, रामशव्द चौधरी आदि ने मिल गेट पर सदर विधायक एवं समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि श्रमिकों का बकाया भुगतान करने के बाद ही मिल को नीलाम किया जाय। ज्ञापन लेते हुये महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि मामला गंभीर है और वे इसका निस्तारण कराने के लिये हर संभव प्रयास करेंगे। कहा कि जरूरत पड़ी तो इस मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाकर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया जायेगा। ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' भी उपस्थित रहे। बस्ती सुगर मिल कर्मचारियों द्वारा दिये ज्ञापन में कहा गया है कि वे मेसर्स बस्ती सुगर मिल के कर्मचारी है। 160 कर्मचारी पिछले कई वर्षो से कार्यरत है, वर्ष 2013 से मिल बंद होने के कारण उनका परिवार भुखमरी के कगार पर है। मिल प्रशासन, कर्मचारी यूनियन और तत्कालीन जिलाधिकारी के समक्ष बकाया भुगतान को लेकर 10 बिन्दुओं पर समझौता हुआ था। इसके तहत सभी बकाया भुगतान 30 दिसम्बर 2023 तक कर दिये जाने पर सहमति बनी थी। समझौते में यह भी कहा गया था कि बकाया भुगतान करने के बाद मिल को नीलाम किया जायेगा। समय बीत जाने के बावजूद श्रमिकों का बकाया भुगतान नहीं किया गया उल्टे जिला प्रशासन और मिल प्रशासन की मिलीभगत से मिल की मशीनरी को अवैध तरीके से काटकर कबाड के भाव बेचा जा रहा है। ऐसा लगता है कि पूरी मिल के मशीनरी को बिना बकाया भुगतान कराये काट कर बेंच दिया जायेगा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि समझौते के अनुरूप बकाया भुगतान के बाद ही मिल की मशीनरी व सामग्री को बेचा जाय। मिल कर्मियों ने मांग किया कि वेतन, रिटेनर, बोनस, पी. एफ., गेच्युटी फाइनल सेटलमेंट के बाद ही मिल का सामान नीलाम हो। सदर विधायक एवं समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव को ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से मिल कर्मचारी विनोद सिंह, रामवृक्ष यादव, रामदीन चौधरी, काशीराम यादव, उत्तम सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, जगरनाथ पाण्डेय के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# चौपाल में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने मांगा जनसमर्थन



**संवाददाता–बहादुरपुर बस्ती।** विकास क्षेत्र बहादुरपुर के घोलहा घाट मंदिर डेवाडीहा, शिव मंदिर कनैला, गौसपुर, करहली चौराहा व रजली बगियापार में बुधवार को लोकसभा क्षेत्र बस्ती से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने जन सम्पर्क चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसमर्थन मांगा। इस दौरान उमरिया चौराहा सहित कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं नें फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी ने किया। चौपाल को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका एक वोट आपके बच्चे के भविष्य का निर्धारण करेगा। अन्य सरकारों में 65 वर्षो में जो काम नही हुआ वह काम मोदी सरकार ने अल्प समय में कर दिखाया है। भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि देश के विकास हेतु भाजपा तुष्टिकरण, परिवार वाद, जातिवाद का सफाया कर रही है। क्षेत्र की जनता से एक बार पुनः भाजपा के पक्ष के समर्थन मांगा। विभिन्न स्थानों पर चौपाल के दौरान ब्लाक प्रमुख रामकुमार, नागेश सिंह, कृष्ण कुमार दूबे, रवि सोनकर, संजीव पाण्डेय, लालजी चौधरी, दिलीप पाण्डेय, शैलेन्द्र दूबे, श्रुति अग्रहरि, मोहंती दूबे, आदित्य मिश्र, राहुल सिंह, वृजेश सिंह, अवधेश चौधरी, अमरनाथ चौधरी, सुनील चौधरी, फौजी पंकज सिंह, विनय सिंह, संतोष सिंह, राहुल सिंह, दिनेश पाण्डेय, विजयश्याम पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, गौरव बरनवाल के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज लगाकर भूमि बैनामा कराया था, 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**संवाददाता–महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र स्थित लेदी गांव में भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज लगाकर भूमि का बैनामा करा लिया था। बुधवार को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। लेदी निवासी अनिरुद्ध मिश्र ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव लेदी रामचंद्रही स्थित अराजी संख्या 142 रकवा 3.678 हेक्टेयर व 246 रकवा 2.286 हेक्टेयर स्थित भूमि उनके नाम से है। भूमि पर वह काबिज होने के साथ ही खुद मालिक भी है। उक्त भूमि का प्रकरण उपजिलाधिकारी निचलौल न्यायालय में लंबित है। इसी बीच बीते 7 दिसंबर 2023 को कुछ भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उक्त भूमि को बैनामा करा लिया। इतना ही नहीं भू माफियाओं ने बैनामा लेखक की मदद से गवाही में लगे व्यक्तियों की फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर सरकारी कार्यालय में जमा करा दिया। हद तो तब हो गई, जब जालसाजों ने फर्जी आधार का प्रयोग करके मृत रायचंद के स्थान पर दीनदयाल को खड़ा कर फर्जी बैनामा करा लिया। संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़ित अनिरुद्ध मिश्र की तहरीर के आधार पर आरोपी प्रसिद्ध नारायण दूबे निवासी दुबौली मातहनपार गोरखपुर, दीनदयाल वार्ड संख्या 27–134 गोपालपुरा सुजानगढ़ चुरु, राजस्थान, लोकनाथ निवासी अम्मरपुर, बासगांव गोरखपुर, पुरुषत्तोम राय निवासी डडवा चतुर, गोरखपुर, संजय सिंधी निवासी सी 151 रामप्रस्थ कालोनी, गाजियाबाद, चंद्रशेख पांडेय निवासी निचलौल के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एसएसबी जवानों ने किया आग से बचाव का अभ्यास

**संवाददाता–श्रावस्ती।** 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय भिनगा में बुधवार को कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसबी जवानों को आग से सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बचाव का अभ्यास कराया गया। अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार जायसवाल व उनकी टीम की ओर से एसएसबी जवानों को अग्नि सुरक्षा का अभ्यास कराया गया। जिसमें अग्निशमन पार्टी, सालवेज पार्टी, सुरक्षा पार्टी, रेस्क्यू पार्टी व फर्स्ट एड पार्टी बनाई गई और उनके काम के बारें में जानकारी दी गई। इसके साथ ही अग्नि के प्रकार, आग को बुझाने का तरीका, जानमाल की सुरक्षा और प्राथमिक उपचार, स्ट्रेचर बनाने व जख्मी तथा जले हुए व्यक्तियों को ले जाने का तरीका, अग्नि बुझाने वाले इक्यूपमेंट जैसे फायर इंस्टीग्युसर, फायर बिटर, फायर हुक, फायर एक्स आदि का उपयोग करने व बिजली और एलपीजी गैस सिलेंडर से लगने वाली आग को बुझाना आदि का आभ्यास कर दिखाया गया। कमांडेन्ट ने बताया कि इस समय फायर सीजन चल रहा है।

# डायट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**संवाददाता–बस्ती।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा कला क्राफ्ट, मेहंदी, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर हस्तकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया गया। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में प्रतियोगिता का अवलोकन किया गया। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में निशा वर्मा, ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में सूची शुक्ला तथा क्राफ्ट प्रतियोगिता में विनोद चौधरी और उनकी टीम अव्वल रही। अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने प्रशिक्षुओं से कहा कि आप सभी इसका उपयोग व्यावसायिक स्तर पर भी कर सकते हैं अपने कला कौशल से समूह में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। कार्यक्रम का संयोजन वर्षा पटेल ने किया। प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन में सहसंयोजक प्रवक्ता डॉ गोविंद, सरिता चौधरी, कल्याण पाण्डेय, वंदना चौधरी, मो. इमरान खान, डॉ रविनाथ, अलीउद्दीन खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, कुलदीप चौधरी, अजय प्रकाश मौर्य, अमन सेन तथा डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने अपना योगदान दिया।

# सदैव याद किया जायेगा होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुएल हैनिमैन का योगदान –डा. वी.के. वर्मा



**संवाददाता–बस्ती।** होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुएल हैनिमैन की जयंती बुधवार को पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड आयुष पैरा मेडिकल कालेज गोटवा में विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा, डाक्टर और छात्रों ने सैमुएल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में डा. वर्मा ने उपस्थित लोगों को सैमुएल हैनिमैन और होम्यापैथी औषधियों के कारगर प्रयोग की विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि होम्योपैथी अब भारत सहित पूरी दुनियां में मरीजों के साथ ही असाध्य रोगों का भी कारगर उपचार कर रही है। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

डा. वर्मा ने बताया कि सैमुएल हैनिमैन का जन्म 1755 में हुआ था। वह यूरोप देश के जर्मनी के निवासी थे वे एलोपैथी के चिकित्सक थे साथ में बहुत सारी यूरोपियन भाषाओं के ज्ञाता भी थे । उनके पिताजी एक पेंटर थे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी । स्कूली शिक्षा के बाद एक मेडिकल की तैयारी करने के लिए कॉलेज गए इनकी पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के कारण इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा इनके कॉलेज के एक अध्यापक ने इनकी गरीबी को देखकर इनकी पढ़ाई में इनका सहयोग किया और पैसे की तंगी के बाद भी इनकी पढ़ाई लगातार चलती रही जब उन्होंने मेडिकल कंप्लीट किया तो इन्हें प्रेक्टिस करना था प्रेक्टिस करने के लिए ये गांव गांव में प्रेक्टिस करने लगे लेकिन प्रेक्टिस करने के दौरान उन्हें उस समय की चिकित्सा प्रणाली ठीक नहीं लगी क्योंकि उस समय आधुनिक तरह–तरह से चिकित्सा करने की प्रणालियों की कमी थी जिस वजह से उन्होंने अपनी प्रेक्टिस को बीच में ही छोड़ दिया और होम्योपैथी चिकित्सा का वरदान समूचे विश्व को दिया। उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये डा. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथी लक्षणों पर आधारित चिकित्सा पद्धति है और इसके द्वारा अनेक असाध्य रोगों को दूर किया जा सकता है।

सैमुएल हैनिमैन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. आलोक रंजन वर्मा, डा. मनोज मिश्र, डा. आर.एन. चौधरी, डा. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डा. लालजी यादव, डा. आलोक वर्मा, डा. रीतेश चौधरी, डा. चन्द्रा सिंह, डा. अनीता वर्मा, विनय मौर्य, विशाल, सतीश चौधरी, शिव प्रसाद चौधरी, शिवशंकर, मनीष वर्मा, ध्रुवचन्द्र, मनोज गुप्ता, सविता श्रीवास्तव, जग प्रसाद, उदयभान, सूरज, राजेश सिंह, शिवशंकर, उत्कर्ष दूबे, डा. श्रवण कुशवाहा, रामस्वरूप, गोल्डी, मनीषा, अतुल, सतीश, पूजा वर्मा, माया वर्मा, शालू, फूलपती के साथ ही छात्र शामिल रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बीईओ के नेतृत्व में निकली जागरूकता रैली




**संवाददाता–बस्ती।** हरैया विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के बच्चों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चे अपने हाथों मे रंग बिरंगी झण्डियां तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया। आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। प्रधानाध्यापक सन्तोष कुमार शुक्ल की अगुवाई में शिक्षक अभिभावकों से परिषदीय विद्यालयों की उपलब्धियां गिनाते हुए नामांकन कराने की अपील कर रहे थे। शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ वर्मा को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। बीईओ बड़कऊ वर्मा ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए टंकी , शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था है। कहा कि परिषदीय स्कूलों के बच्चे खेल प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश और देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। अतः सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में ही कराएं। इस दौरान शिक्षक संकुल प्रमोद त्रिपाठी, रवीश कुमार मिश्र, जगदीप वर्मा, धर्मनाथ सिंह, सत्यप्रकाश, अंकुर मिश्र, गोविन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

# थर्ड जेंडर और बीएलओ के साथ हुआ संवाद
# लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान



**संवाददाता–महराजगंज।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रशासन की कोशिशें तेज हो गई हैं। बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में थर्ड जेंडर और बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी से लोकतंत्र को मतबूत करने का आह्वान किया गया। ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के साथ वार्ता करते हुए डीएम ने कहा कि चुनाव सबकी भागीदारी से ही सही मायनों में पूरा होता है। कहा कि आप लोग समाज व लोकतंत्र की प्रमुख हितधारक हैं, इसलिए आपका चुनाव में मतदान करना लोकतंत्र की सफलता के लिए बेहद अहम है। सभी लोग आगामी 1 जून को निर्धारित चुनाव में अपना वोट अवश्य दें और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। डीएम ने ट्रांस जेंडर समुदाय के सदस्यों से उनकी समस्याओं को बताने का आग्रह भी किया, ताकि प्रशासन के स्तर से उनका प्रभावी निस्तारण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान में सकारात्मक परिवर्तन करना है। साथ ही मतदाताओं को अगर कोई समस्या है तो उसका समाधान करना भी है। कहा कि अगर किसी ट्रांसजेंडर मतदाता का वोटर कार्ड नहीं बना है, तो यहां नोट करा दें। साथ ही अपने अन्य साथी जिनका वोटर कार्ड नहीं है उनका भी नाम नोट करा दें। प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर वोटर कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अगले 10 दिनों में ट्रांसजेंडर सहित वंचित वर्ग के छूटे हुए मतदाताओं के वोटर कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

डीआईओएस अमरनाथ राय ने कहा कि महराजगंज जनपद पिछली बार मतदान में प्रदेश के औसत के बराबर था। लेकिन इस बार राष्ट्रीय औसत को पार करने का लक्ष्य निर्धारित कर ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है। संचालन करते हुए अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि इस चुनाव में मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। इस कार्यक्रम में आपके सम्मान के माध्यम से प्रशासन यह संदेश देना चाहता है कि आपका समाज और लोकतंत्र में सम्मानित स्थान है। ऐसे में सभी से अनुरोध है कि न सिर्फ अपना मत दीजिये, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस दौरान एसडीएम सदर रमेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश, तहसीलदार अमित सिंह, एक्सईएन विद्युत राहुल शर्मा, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह समेत बड़ी संख्या में बीएलओ और ट्रांसजेंडर मतदाता उपस्थित रहे। डीएम अनुनय झा ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के संदर्भ में ट्रांसजेंडर समुदाय को आमंत्रित किया गया था। उनको सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा शत–प्रतिशत वोटिंग को सुनिश्चित करना है।

महराजगंज जनपद में कुल 92 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं और प्रशासन का प्रयास है कि सभी लोग अपना वोट जरूर करें। साथ ही इस संवाद कार्यक्रम से यह भी जानने का अवसर मिला कि कुछ ट्रांसजेंडर मतदाताओं का वोटर कार्ड अब तक नहीं बना है। तत्काल संबंधित को छूटे हुए लोगों का वोटर कार्ड बनवाना का निर्देश दिया गया हुआ। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी ट्रांसजेंडर मतदाता मतदान से छूटने न पाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से थर्ड जेंडर के साथ–साथ सभी लोगों को अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।

## आग से करीब 700 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक

**संवाददाता–श्रावस्ती।** बुधवार को जिले के दो अलग अलग क्षेत्रों में अज्ञात कारण से आग लग गई। इस अग्निकांड में 200 किसानों की करीब 700 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर के मजरा लहोरकला गांव के पास बुधवार दोपहर में खेतों में आग लग गई। हवा तेज चलने के कारण आग एक के बाद एक खेतों को अपनी आगोश में लेते हुए आगे बढ़ने लगी। खेतों की ओर से उठती आग की लपटें व धुंआ देख लोग भागते हुए मौके पर पहुंचे। लोग आग बुझाने की कोशिश करने लगे। कोई अरहर के झाड़ से तो कोई पानी डालकर आब बुझाने की नाकाम कोशिश करने लगा। आग की लपटों के आगे लोग बेवश थे और आग तेजी से आगे बढ़ती जा रही थी व लोगों को कोई युक्ति नहीं सूझ रही थी। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। साथ ही ट्रैक्टर से खड़ी फसल को जोतकर आग की चौन को तोड़ा जाने लगा। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने लोगों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत से घंटों बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लोगों की करीब 700 बीघे से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसी तरह सिरसिया क्षेत्र के हेमपुर गांव के पास स्थित गैस एजेंसी के सामने दोपहर में अज्ञात कारण से खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग कई लोगों के खेतों को अपनी आगोश में ले लिया। ग्राम प्रधान रईश की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सिरसिया क्षेत्र के हेमपुर में आग से पांच किसानों की 40 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिसमें रमेश चन्द्र यादव का सात बीघा, ओम प्रकाश का 30 बीघा, इब्राहिम का दो बीघा, कोयले का दो बीघा, छोटे का एक बीघा गेहूं जल गया। इसी तरह मल्हीपुर क्षेत्र के भगवानपुर के पास लगी आग में शोरगढ़ी, भगवानपुर, रमवापुर, शिकारी निवासी किसानों की खड़ी फसल खाक हो गई। भगवानपुर निवासी पहलाद का 15 बीघा, रामसुधि का चार बीघा, जीतलाल का चार बीघा, रक्षाराम का 20 बीघा, गया प्रसाद का 20 बीघा, रामफेरन का आठ बीघा, राम अभिलाख का आठ बीघा व राम मिलन का सात बीघे गेहूं की फसल जल गई। इसी तरह रमवापुर निवासी अरुणवीर सिंह, पंकज सिंह व पिंटू का पांच–पांच बीघा, राम लाल, शिव नारायण, कुसुम का एक–एक बीघा, सुषमा सिंह का 15 बीघा, राम अंचल सिंह का 15 बीघा, संतराम यादव का पांच बीघा, इंद्रजीत का एक बीघा, सत्यवती देवी का 24, शालिमा बानो का 24 बीघा, कलफनाथ सिंह का सात बीघा, हरिपाल मिश्रा का दो बीघा, गुड्डू का 20 बीघा, शिव बहादुर सिंह का 22 बीघा, हरिराम का 10 बीघा गेहूं जल गया। इसी तरह गणेशपुर निवासी बैधू का छह बीघा, जुगरा का दो बीघा, मोहम्मद असलम का तीन बीघा व मनीराम का दो बीघे सहित अन्य किसानों को मिलाकर करीब 700 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षति आंकलन किया।

सिरसिया थाना क्षेत्र के राजगुरू जुड़पनिया में बुधवार शाम को अज्ञात कारण से सोहनलाल पुत्र रामतीरथ के फूस के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोग आग बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन तब तक आग ने बगल के संचितराम पुत्र भुल्लर के घर को पकड़ लिया। इस दौरान गांव में अफरा तफरी मची रही। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# हवन, यज्ञ के साथ किया नव सम्वत का स्वागत

**संवाददाता–बस्ती।** नव सम्वत स्वागत समारोह 2081 के कार्यक्रम अंतर्गत सनातन धर्म संस्था–बस्ती ने जिले के नगरीय क्षेत्र में 7 स्थानों पर यज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रातः काल से शहर के गांधीनगर, जेल रोड, मालवीय रोड पर नव सम्वतसर की मंगलकामनाएं व राष्ट्र के कल्याण के लिए स्वस्ति वाचन के स्वर गूँजते सुनाई दिये।



सनातन धर्म संस्था की ओर से शहर के श्री शिव मंदिर कम्पनी बाग पर पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व स्थानीय लोगों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गईं।

संस्था के सदस्य अखिलेश दूबे द्वारा बच्चों को यज्ञ की वैज्ञानिकता, नव सम्वतसर का महत्व, राष्ट्र व धर्म के प्रति हमारे कर्तव्य,कालगणना की वैज्ञानिकता बताई गई। उन्होने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ छोड़कर दूसरे का नकली उत्सव मनाने लगे हैं, हमें अपने धर्म, देश और संस्कृति पर गर्व करना चाहिये और इसकी रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिये। यज्ञाचार्य कृष्ण मणि मिश्र व पण्डित संजीव मिश्र ने यज्ञ के धार्मिक महत्व से बच्चों को अवगत कराया। पण्डित अविनाश त्रिपाठी ने नव सम्वतसर की विशेषता को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से समझाया। आयोजन की ऋंखला में श्री काली मंदिर आवास विकास पर सनातन धर्म संस्था के सदस्य कैलाश नाथ दूबे की अगुवाई में आयोजन किया गया जिसमें आवास विकास कालोनी की महिलाओं व पुरुषों ने आहुतियाँ दी। सनातन धर्म संस्था के सदस्य कर्नल के सी मिश्र व श्याम चन्द्र चौधरी की अगुवाई में श्री दुर्गा मंदिर रौता चौराहा पर आयोजित यज्ञ में स्थानीय लोगों सहित, कृषि वैज्ञानिक व पूर्व सैनिक सम्मिलित हुये। ब्रह्मण महासभा मालवीय रोड पर नव सम्वतसर के अवसर पर सुंदरकांड पाठ के पश्चात हवन करके प्रसाद वितरण हुआ व सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। श्री दुर्गा मंदिर महिला चिकित्सालय पर आयोजित कार्यक्रम बड़ा ही भव्य और सुंदर रहा, डॉ नवीन सिंह, योग शिक्षक राम मोहन, संजय सिंह, कौशल गुप्ता सहित विद्यार्थी और हवन में आहुतियां डाली और जय घोष किया। पण्डित गोपेश्वर त्रिपाठी की अगुवाई में सनातन धर्म संस्था द्वारा श्री रामजानकी मन्दिर पर पत्रकार, व्यापारी, भक्त गण उपस्थित रहे।

श्री दुर्गा मंदिर के डी सी पर आयोजित यज्ञ के आचार्य डॉ उमेश चन्द्र त्रिपाठी व सहयोगी पण्डित अविनाश त्रिपाठी द्वारा उपस्थित यजमान समाजसेवी जगदीश शुक्ल, राजकुमार, सदर ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव व अन्य सनातनी जनों द्वारा भगवान का पूजन अर्चन कर यज्ञ में आहुतियां दी गईं। आयोजन में मुख्य रूप से शुशील मिश्र, अनुराग शुक्ल, अंकुर यादव, सुनील सिंह, उंमग शुक्ल, आर सी त्रिपाठी, दिनेश चंद्र उपाध्याय, प्रमोद श्रीवास्तव, विजय कांत, विजय कुमार दूबे शिवम, रक्षाराम, पंकज त्रिपाठी की भागीदारी रही।

# हाईकोर्ट ने सपा के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**संवाददाता–बलरामपुर।** सादुल्लाहनगर थाने की जमीन कब्जा कर मजार बनाए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही सवाल उठाया है कि राजस्व रिकॉर्ड सरकारी अभिरक्षा में रहता है तो उसमें कोई विधायक कैसे हेराफेरी कर सकता है। साल 2013 में आरिफ अनवर हाशमी विधायक थे और प्रशासन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में वह आरोपित हैं। पूर्व विधायक ने एफआईआर के विरूद्व हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए बीते चार अप्रैल को कई सवाल उठाए। एफआईआर में खतौनी में नाम परिवर्तन करने वाले किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। साल 2013 में हुए हेराफेरी के लिए सीधे तत्कालीन सपा विधायक को ही जिम्मेदार ठहराया गया था। जबकि राजस्व नियमावली के तहत यह माना गया कि खतौनी में नाम का परिवर्तन राजस्व अधिकारी के ही स्तर से संभव है। ऐसे में हाईकोर्ट ने सवाल किया है कि कोई निजी व्यक्ति राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी बिना राजस्व अधिकारी से मिले कैसे कर सकता है। इस पूरे मामले में दो सप्ताह में काउंटर एफीडेविट मांगा है साथ ही याची पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी को भी एफआईआर की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। 15 दिन बाद काउंटर एफीडेविट दाखिल होने के बाद हाईकोर्ट मामले की अगली सुनवाई की तिथि तय करेगा। थाने की जमीन पर मजार बनाकर कब्जा करने और भाई मारुफ अनवर हाशमी को समिति बनाकर मुतवल्ली बनाने के मामले में बीते एक अप्रैल को एफआईआर दर्ज कराई गई। जिसमें साल 2013 में हेराफेरी कर थाने की जमीन को खतौनी में समिति के नाम दर्ज कराने के लिए हेराफेरी का आरोप पूर्व विधायक पर लगे थे। स्थानीय लेखपाल सुनील कुमार ने मामले की एफआईआर में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी, उनके भाई मारूफ अनवर हाशमी, परिवार के सदस्यों और समिति के सदस्यों के नाम दर्ज कराई थी। जिसमें मारुफ अनवर हाशमी गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। खतौनी में हेराफेरी के समय उतरौला तहसील में तैनात एसडीएम व तहसीलदार अब जांच के दायरे में आ गए हैं। पूरे मामले की जांच कर रहे अतिरिक्त एसडीएम संतोष ओझा ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, सम्मानित हुए छात्र

**संवाददाता–बस्ती।** हरैया विकासखण्ड के आदर्श कंपोजिट विद्यालय रेवरादास के परिसर में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं आठवीं उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा, डॉ दीनानाथ पटेल, विनोद वर्मा, डॉ अभय सिंह, एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उमेश सिंह और संदीप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव शरण की अगुवाई में संजय कुमार, डॉ वंदना सिंह, भागीरथी यादव, राजरतन बौद्ध, अनिल धर दुबे, अनीता वर्मा, सीता चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आंचल, अंशिका, गीतांजलि, सृष्टि के द्वारा सरस्वती वंदना, अंशिका, अंकिता, संध्या, खुशी, शशि, सरस्वती के द्वारा स्वागत गीत, सिद्धि, जोया, आराध्या, अनन्या, अर्पित, यश, अंश, दिव्यांश, दीपांकर आदि के द्वारा देशवा के माटी, स्कूलवा में नमवा, देशवा प्यार है,



इंटरनेट, मेरी मां के बराबर कोई नहीं, तिरंगे के सम्मान आदि दर्जनों मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आठवीं उत्तीर्ण बच्चों को अतिथियों और विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों की स्थिति में बड़ा बदलाव हुआ है एक समय था जब विद्यालय में जरूरी संसाधन नहीं हुआ करते थे आज स्थिति यह है कि बेहतरीन सांस्कृतिक आयोजन देखने को मिल रहा है। इस तरह का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में उपयोगी है। कार्यक्रम को शिक्षक नेता सन्तोष कुमार शुक्ल, रामसागर वर्मा, रामप्यारे कनौजिया आदि ने संबोधित किया। संचालन डा. योगेश सिंह ने किया। इस दौरान सत्यराम वर्मा, विद्यासागर वर्मा, विवेक कान्त पाण्डेय, मानिकराम वर्मा, श्री नारायण मिश्र, देवेन्द्र शुक्ल, अमरचंद वर्मा, चिन्मय राय, अशोक वर्मा, पवन वर्मा, रामपाल शर्मा, अमरजीत यादव, विवेक कुमार, अनंत राम गौतम, हरी सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सहदेव प्रसाद, प्रभात वर्मा, काशीराम वर्मा, अर्जुन प्रसाद, विनय वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 1.17 लाख बुजुर्गो के खातों में भेजे जाएंगे 35.56 करोड़

**संवाददाता–गोंडा।** पेंशन के लिए इंतजार कर रहे पात्र बुजुर्गों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच जाएगी। चौथी किस्त के लिए 117158 पात्रों को चिन्हित करने के बाद में रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके तहत 35 करोड़ 56 लाख 68 हजार रुपये की धनराशि पात्रों के खाते में स्थानांतरित की जाएगी। नगरीय क्षेत्र के 1752 वृद्धावस्था पेंशनधारकों के खाते में 53. 54 लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के सभी विकास खंडों के वृद्धावस्था पेंशन धारकों के खाते में जल्द ही धनराशि भेजने के लिए विभाग की तरफ से कार्रवाई तेज कर दी गई है। इस बार 117158 पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि भेजी जाएगी। इसमें बभनजोत के 7455 पात्रों को 2.25 करोड़ रुपये, बेलसर के 9011 पात्रों को 2.74 करोड़ रुपये, छपिया के 5855 पात्रों को 1.78 करोड़ , करनैलगंज के 9141 पात्रों को 2.7 करोड़, हलधरमऊ के 6929 पात्रों को 2.09 करोड़ रुपये पेंशन के तौर दिए जाएंगे। वहीं, इटियाथोक के 5752 पात्रों को 1.81 करोड़, झंझरी के 6870 पात्रों को 2.08 करोड़, कटरा बाजार के 9110 पात्रों को 2.77 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मनकापुर के 6679 पेंशन धारकों को 2.01 करोड़, मुजेहना के 6218 पात्रों को 1.89 करोड़, नवाबगंज के 5975 पात्रों को 1.80 करोड़, पड़रीकृपाल के 2841 पेंशनधारकों को 8.60 करोड़, परसपुर के 9829 पेंशन धारकों को 2.97 करोड़, रुपईडीह के 8188 पात्रों को 2.47 करोड़, तरबगंज 9150 पात्रों को 2.76 करोड़, वजीरगंज के 8145 पात्रों को 2.46 करोड़ धनराशि भेजने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नगर पंचायत के पात्रों को मिलेगी धनराशिरू नगर पालिका करनैलगंज के 387 पात्रों को 11 लाख 50 हजार रुपये, गोंडा के 742 पात्रों को 22 लाख 67 हजार रुपये, कटरा बाजार के 178 पात्रों को पांच लाख 87 हजार रुपये, खरगूपुर 151 पात्रों को 4.53 लाख रुपये, मनकापुर के 128 पात्रों को 3.84 लाख, नवाबगंज के 166 पात्रों को 5.13 लाख रुपये खाते में भेजे जाएंगे। राजेश चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि नियमानुसार पेंशन की धनराशि खातों में भेजी जाएगी। शासन की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे इसके लिए बराबर प्रयास किया जा रहा है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**संवाददाता–देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सोमवार को सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय लार में गंभीर खामियां मिली, जिस पर उत्तरदायित्व तय करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया। यही नहीं उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को भी कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यदायित्वों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कार्मिक कोताही बरतेगा तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की सुसंगत धाराओं में एफआईआर भी कराई जाएगी। जिलाधिकारी कंपोजिट स्कूल लार का निरीक्षण करने पहुंचे। उक्त मतदान केंद्र पर छह बूथ बनाए गए हैं। किंतु, निरीक्षण के दौरान मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं नदारद मिली। मानक के अनुसार बूथ रैंप से नहीं जुड़े थे। मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं पंखा नहीं था तथा स्कूल की फर्श भी टूटी मिली। जिस पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने इस संबन्ध में कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरभद्र मणि पाठक से जानकारी मांगी तो वे समुचित उत्तर नहीं दे सके तथा जिलाधिकारी को गलत सूचनाएं दी। जिस पर डीएम ने बीएसए को प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी अमित सिंह को भी कड़ी फटकार लगाई और उन्हें सात दिन के भीतर मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित मतदान केंद्रों से संबंधित सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, पेयजल सुविधा, छायादार स्थल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मॉडल प्राथमिक विद्यालय इचौना बाजार, कन्या कंपोजिट विद्यालय हरैया लाला, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मझौलीराज, बीएन इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर नगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर लार, प्राथमिक विद्यालय बौली, कन्या प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती लार, उच्च प्राथमिक विद्यालय भुड़सरी व उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतपार अमेठिया सहित एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सलेमपुर गिरीश झा, बीडीओ आनंद प्रकाश सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

स्वत्वाधिकारी भारतीय बस्ती प्रकाशन की ओर से प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 70 नया हाल जिला परिषद भवन गाधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 70 नया हाल जिला परिषद भवन गाधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित।

सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रबन्ध सम्पादक–दिलीप चन्द्र पाण्डेय

मो.०६४५०५६७४५०
Email- Awazdarpan@yahoo.com